**प्रेस नोट -जनपद अमरोहा**

**दिनांक-23.09.2025**

**थाना नौगावां सादात पुलिस , एसओजी/सर्विलांस टीम अमरोहा द्वारा रोजगार सेवक की हत्या का सफल अनावरण। 03 अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त बुलेरो व एक मोटर साईकिल स्पलेण्डर प्लस बरामद।**

पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन में एवं क्षेत्राधिकारी नौगावां सादात श्री अवधभान सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना नौगावां सादात पुलिस द्वारा एसओजी/सर्विलांस टीम अमरोहा के सहयोग से हत्या की घटना का सफलतापूर्वक अनावरण कर 03 अभियुक्त गिरफ्तार किये गये, जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बुलेरो गाडी न0 UK 04H 6012 मय एक मोटर साईकिल स्पलेण्डर प्लस न0 DL 6S AX 9073 बरामद हुये।

**संक्षिप्त विवरण:-**

दिनांक 30.08.2025 को शाम को समय 16.30 बजे थाना नौगावां सादात क्षेत्रान्तर्गत जंगल ग्राम भैढा भरत के अड्डे के पास ग्राम जगंल भैडा भरतपुर थाना नौगावाँ सादात जनपद अमरोहा के पास रोजगार सेवक राजकुमार पुत्र नेतराम निवासी ग्राम मुंडांखेडा थाना नौगावाँ सादात जनपद अमरोहा काम करके घर वापस आ रहा था तो रास्ते में अज्ञात वाहन से टक्कर हो जाने से चोटिल हो गया था, जिस कारण मृत्यु हो गई थी। प्रतदृष्टया प्रकरण एक्सीडेंट का प्रतीत हुआ था। बाद में परिवारजन ने प्रधानी के चुनाव के रंजिश के कारण हत्या किए जाने की आशंका जताई थी। जांच की गई तो अज्ञात वाहन की पहचान सीसीटीवी के माध्यम से एक सफेद बुलेरो के रूप में हुई। सीसीटीवी के माध्यम से जब इसके रूट को ट्रैक किया गया तो संदिग्धता प्रतीत हुई। मृतक के पुत्र श्री सजल कुमार द्वारा दिनांक 08.09.2025 को तहरीर दी गयी, जिसके आधार पर थाना नौगावां सादात पर मु0अ0सं0-191(2)/103(1) बीएनएस बनाम 1.वीरेन्द्र पुत्र फूल सिंह 2.जितेन्द्र पुत्र फूल सिंह निवासी गण ग्राम मूढा खेडा थाना नौगावा सादात जनपद अमरोहा व 4 से 5 अज्ञात लोग के विरूद्ध पंजीकृत किया था। पुलिस अधीक्षक, अमरोहा द्वारा घटना का शीघ्र अनावरण हेतु अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा के कुशल पर्यवेक्षण एंव क्षेत्राधिकारी नौगावां सादात के मार्गदर्शन में थाना नौगावां सादात पर टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा उक्त घटना में गहनता से छानबीन व मृतक के परिवारजन व गवाहो से पूछताछ की गयी तथा साक्ष्य एकत्रित किये गये। सीसीटीवी कैमरों एवं सर्विलांस के माध्यम से विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में गठित थाना नौगावां सादात पुलिस टीम द्वारा दिनांक 22.09.2025 को मुकदमा उपरोक्त में नामजद अभियुक्तगण 1.वीरेन्द्र पुत्र फूल सिंह पुत्र फूल सिंह निवासी ग्राम मूढा खेडा थाना नौगावा सादात जनपद अमरोहा एवं अभियुक्तगण 1. अंकुर पुत्र महावीर निवासी ग्राम आरकपुर माफी पोस्ट मूढा खेडा जनपद अमरोहा व 2. प्रमोद कुमार पुत्र चरण सिंह निवासी ग्राम महेशरा देहरा घनश्याम धनौरा जनपद अमरोहा के नाम भी प्रकाश में आया है। जिसके फलस्वरुप आज दिनांक 23.09.2025 को सर्विलांस के माध्यम से विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में गठित थाना नौगावां सादात पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 1. विरेन्द्र पुत्र फूल सिंह निवासी ग्राम मूढाखेडा थाना नौगावा सादात जनपद अमरोहा 2. अंकुर पुत्र महावीर निवासी ग्राम आरकपुर माफी उर्फ आरिफपुर थाना रजबपुर जनपद अमरोहा 3. प्रमोद कुमार उर्फ बिट्टू पुत्र चरण सिंह निवासी ग्राम गजरौला जवाहरनगर थाना गजरौला जनपद अमरोहा मय घटना मे प्रयुक्त एक अदद बुलेरो गाडी न0 UK 04H 6012 मय एक मोटर साईकिल स्पलेण्डर प्लस न0 DL 6S AX 9073 को देहरा मोड की तरफ जाने वाली सडक से गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**पंजीकृत अभियोगः -**

मु0अ0सं0-287/2025 धारा 191(2),103(1), 61(2) बीएनएस थाना नौगावां सादात, अमरोहा।

**पूछताछ विवरण:-** अभियुक्त विरेन्द्र नें अपने जुर्म का इकबाल करते हुए बताया कि साहब मै मूढाखेडा गांव का पूर्व प्रधान हूँ करीब 4 वर्ष पूर्व मै और राजकुमार एक साथ प्रापर्टी डीलिंग का काम करते थे। राजकुमार के गांव की ही एक महिला से सम्बन्ध थे, राजकुमार द्वारा मेरी XUV गाडी से उक्त महिला को बैठाकर कई दिन तक जगह जगह ले जाकर घुमाता था, मुझे डर था कि राजकुमार मेरी गाडी से कोई गलत काम न कर दें इसलिय मैने उसे गाडी देने से मना कर दिया था। उसके कुछ दिन बाद गांव के मंदिर में निर्माण में लगे रूपयो के हिसाब को लेकर मेरे व राजकुमार का मनमुटाव हो गया था तथा हम अलग-अलग काम करने लगे थे। राजकुमार ने मेरे गाँव की महिला के जरिये मेरे खिलाफ कई शिकायते करायी थी तथा अभी प्रधानी के चुनाव को लेकर मेरे खिलाफ मुकदमा लिखवाने की नियत से महिला से प्रार्थना पत्र दिलवाने की तैयारी में था जिसका मुझे पता चल गया था । राजकुमार गांव में मेरे हर काम में रोडा बना हुआ था तथा मै प्रधानी की तैयारी कर रहा था और राजकुमार मुझे फसाने की तैयारी कर रहा था इसी रंजिश के कारण मैने राजकुमार को अपने रास्ते से हटाने के लिये यह बात अपने रिश्तेदार प्रमोद व अंकुर को बतायी थी, इस घटना से कई दिन पहले हम तीनो नें मिलकर एक योजना के तहत राजकुमार के आने जाने वाले रास्तो की रैकी की थी, राजकुमार गांव से अमरोहा के लिये गया था जिसको मैने जाते हुए देखा तथा तभी मैने अपने रिश्तेदार प्रमोद व अंकुर को सूचना करके जानकारी दी थी कि आज सही मौका है तथा राजकुमार को मारने के लिये इस घटना को हम दुर्घटना का रूप दे सकते है, मेरे द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर प्रमोद व अंकुर इसी मोटर साईकिल से राजकुमार की रैकी करने के लिये अमरोहा धनौरा रोड पर खडे थे तथा मै अपनी बुलेरो गाडी लेकर पंजूसराय व इब्राहिमपुर के बीच में सडक पर खडा था, जैसे ही राजकुमार पंजू सराय से अपनी स्कूटी लेकर निकला तो इन दोनो नें मुझे उसके आने की सूचना दी तथा उसके पीछे पीछे चल दिये जैसे ही राजकुमार भेडा भरतपुर

गांव से कुछ पहले पहुँचा तो सडक सुनसान देखकर मैने इसी बुलेरो गाडी से राजकुमार की स्कूटी में पीछे से टक्कर मारकर गिरा दिया था उसके बाद उसे कुचलकर उसकी हत्या कर घटना को दुर्घटना का रूप देते हुए। हम तीनो भेडा भरतपुर की तरफ भाग गये थे। प्रमोद व अंकुर आपस में मौसेरे भाई है तथा मेरी पत्नी की बुआ के लडके है मेरे घनिष्ट रिश्तेदार है पहले से ही हम तीनो साथ खाते पीते आये है प्रमोद व अंकुर नें भी विरेन्द्र द्वारा बतायी गयी घटना का समर्थन व अपने जुर्म का इकबाल करते हुए कहा कि हम तीनो नें मिलकर यह घटना की है उसके बाद हम तीनो भेडा भरतपुर होते हुए गजरौला की तरफ भा गये थे। जाते वक्त मदीपुरा शराब के ठेके से प्रमोद ने दो बियर खरीदी थी और बुलेरो को आगे जाने का इसारा किया था बियर लेने के बाद ठेके से आगे भटपुरा के बीच में प्रमोद व विरेन्द्र नें भ्रमित करने के लिये अपने अपने वाहन बदल लिये थे।साहब जब से पुलिस को हमारी इस घटना की जानकारी हुई थी हम तभी से छिपते छिपाते हुए इन वाहनो को ठिकाने लगाने की फिराक में घूम रहे थे। साहब यदि मै राजकुमार को अपने रास्ते से न हटाता तो प्रधानी के चुनाव में यह मुझे परेशान करता। घटना करने के लिये गाड़ी एक हफ्ते पहले और एक सिम दो दिन पहले ही लिया था जो मैने घटना के बाद फोन व सिम नहर की झाडियो में फेक दिया था।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण:-**

1. विरेन्द्र पुत्र फूल सिंह निवासी ग्राम मूढाखेडा थाना नौगावा सादात जनपद अमरोहा।
2. अंकुर पुत्र महावीर निवासी ग्राम आरकपुर माफी उर्फ आरिफपुर थाना रजबपुर जनपद अमरोहा 3. प्रमोद कुमार उर्फ बिट्टू पुत्र चरण सिंह निवासी ग्राम गजरौला जवाहरनगर थाना गजरौला जनपद अमरोहा।

**बरामदगी:-**

1. एक बुलेरो गाडी न0 UK 04H 6012
2. एक मोटर साईकिल स्पलेण्डर प्लस न0 DL 6S AX 9073।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**
**थाना नौगावां सादातः-**

1. प्रभारी निरीक्षक श्री सुनील कुमार थाना नौगावां सादात जनपद अमरोहा।
2. उ0नि0 श्री उ0नि0 प्रमोद कुमार थाना नौगावां सादात जनपद अमरोहा।
3. का0 335 मोहित कुमार थाना नौगावां सादात जनपद अमरोहा।
4. का0 1102 रावेन्द्र कुमार थाना नौगावां सादात जनपद अमरोहा।
5. का0 1145 जितेन्द्र थाना नौगावाँ सादात जनपद अमरोहा।
6. का0 249 वैभव मलिक थाना नौगावाँ सादात जनपद अमरोहा।
7. का0 1287 बिजेन्द्र कुमार थाना नौगावाँ सादात जनपद अमरोहा।

**एसओजी/सर्विलांस टीम अमरोहा:-**

1. उ0नि0 बिजेन्द्र मलिक प्रभारी सर्विलांस सेल ।
2. हे0का0 गौरव शर्मा सर्विलांस सेल अमरोहा।
3. हे0का0 वाजिद अली सर्विलांस सेल अमरोहा।
4. हे0का0 प्रवेश कुमार बर्मन सर्विलांस सेल अमरोहा
5. का0 अरविन्द शर्मा सर्विलांस सेल अमरोहा।
6. का0 अंकुर एसओजी टीम अमरोहा।
7. का0 कृष्णवीर सिंह एसओजी टीम अमरोहा।
8. का0 विपिन सर्विलांस सेल टीम अमरोहा ।
9. का0 कमल कुमार सर्विलांस सेल टीम अमरोहा ।
10. का0 राकेश एसओजी टीम अमरोहा।
11. का0 आशीष एसओजी टीम अमरोहा।
12. काo लवी चौधरी सर्विलांस सेल टीम अमरोहा ।